बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति सं0–PR..................../2024

स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा, 2024 (प्रथम) के आवेदन पत्र भरे जाने की तिथि विस्तार के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद द्वारा विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0–34/2024 एवं पी0आर0–42/2024 के क्रम में स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा, 2024 (प्रथम) में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निदेशक (माध्यमिक शिक्षा), शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–09/बि०वि०प०स०–03/2024–209, पटना, दिनांक 19.02.2024 के आलोक में वैसे शिक्षक अभ्यर्थी जो मैट्रिक उत्तीर्ण के पश्चात् दो वर्षीय शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त किये हैं, वैसे प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को दिनांक–22.02.2024 तक उक्त परीक्षा के ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने का अवसर प्रदान किया जाता है।

2. जिन अभ्यर्थियों द्वारा उक्त परीक्षा का परीक्षा आवेदन पत्र भरा गया है परन्तु परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया गया है, वैसे अभ्यर्थियों को दिनांक–22.02.2024 तक परीक्षा शुल्क जमा करने का अंतिम अवसर दिया जाता है। उक्त तिथि तक परीक्षा शुल्क जमा नहीं करने वाले अभ्यर्थियों का आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित अभ्यर्थियों की होगी।

3. विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0–34/2024 एवं पी0आर0–42/2024 में उल्लेखित सभी निदेश यथावत् रहेंगे।

20/2/24

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक : के0वि0–124/2024 पटना, दिनांक–20/02/2024

प्रतिलिपि: जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को दैनिक समाचार–पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

2. प्रोजेक्ट मैनेजर, M/s Kids International Services Pvt Ltd एवं M/s Sify Digital Services Ltd को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. उप निदेशक, आई0टी0 (ओ0एफ0एस0एस0), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ प्रेषित एवं अनुरोध है कि सभी संबंधित को इस विज्ञप्ति से अवगत कराया जाए। साथ ही इसे समिति के BSEB Information App पर अपलोड कर दिया जाय एवं अपनी निगरानी एवं पर्यवेक्षण में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाय तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाय।
4. वित्त पदाधिकारी/लेखा पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. शाखा प्रबंधक, HDFC BANK Fraser Road, Patna एवं शाखा प्रबंधक, PNB बोरिंग रोड, पटना से अनुरोध है कि सक्षमता परीक्षा 2024 (First) का Online परीक्षा शुल्क समिति के खाता संख्या में जमा करने की व्यवस्था की जाए।
6. अपर सचिव, भण्डार (मा0) बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
7. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना (संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
8. निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् महेन्द्रू, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

9. निदेशक (प्राथमिक शिक्षा), निदेशक (मा0शि0), शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
10. अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
11. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी/परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक/उच्च माध्यमिक) बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित।

20/2/24

परीक्षा नियंत्रक, (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना